PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rashtriya Sahara, Delhi**
**Thu, 08 Jun 2017, Page 15**
**Width: 12.56 cms, Height: 19.42 cms, a4, Ref: 41.2017-06-08.164**

# पीएम ने लिंक्डइन पर बताईं अपनी उपलब्धियां

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है और यह 2013 के 34,487 अरब डालर से बढ़कर 61,724 अरब डालर हो गया है।

अपनी सरकार के तीन साल के कार्यकाल पर रोशनी डालते हुए मोदी ने कहा है कि भारत को आज विश्व अर्थव्यवस्था में चमकते बिंदु के रूप में देखा जाता है, यहां व्यापार करना आसान बनाया गया है जबकि कर प्रणाली अधिक स्थायी व विश्वसनीय है। मोदी ने पेशेवरों की सोशल मीडिया वेबसाइट लिंक्डइन पर एक आलेख में लिखा है कि माल व सेवा कर (जीएसटी) से भी देश को दीर्घकालिक फायदे होने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा है, 'मई 2014 में जब हमने कार्यभार संभाला था तो देश चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा था। सरकार व संस्थानों में लोगों का भरोसा चुक गया था।' उन्होंने लिखा है, 'भारत में निवेश की थोड़ी संभावना थी लेकिन कोई प्रोत्साहन नहीं था। भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद व अधिकारियों की मनमानी से उद्योग हतोत्साहित था।'

- जब मेरी सरकार बनी तो 34487 अरब डालर था निवेश
- मौजूदा समय में 61724 अरब डालर पर पहुंचा एफडीआई
- वर्ल्ड इकोनामी में चमकते बिन्दु के रूप में देखा जाता है भारत
- सोशल साइट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा आलेख

प्रधानमंत्री के अनुसार, 'हमारी एक तात्कालिक प्राथमिकता इस माहौल को बदलना था जो कि हमने बीते तीन साल में किया है। हमारी सरकार के सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं।'

उन्होंने लिखा है, 'आज, मुझे यह बताते हुए गर्व है कि भारत को रिकार्ड विदेशी निवेश मिल रहा है।' पीएम ने कहा कि उनकी सरकार का मार्गदर्शक सिद्धांत 'कायाकल्प के लिए सुधार' है और सुधार एजेंडा विस्तृत व समावेशी है जो सभी को समेटे हुए है।' ■ भाषा